<u>विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की दिनांक 10/07/2024 को 130 वीं बैठक का आयोजन</u>

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 130 वीं बैठक श्री श्री पी० एन० शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक की अध्यक्षता में दिनांक 10/07/2024 को अपराहन 4.00 बजे महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. योगेश जी. काले, खान नियंत्रक (मध्य) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। कार्यसूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (129वीं) के कार्यवृत पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत की पुष्टि की गई। इसके पश्चात जनवरी - मार्च ,2024 अवधि की मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई ।

बैठक में अखिल भारतीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन , हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले 'ग ' क्षेत्र के कार्यालयों को प्रशंसा पत्र दिए जाने एवं प्रेरण (इंडक्शन) प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजभाषा हिंदी का व्याख्यान रखे जाने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा व्यक्त किया गया ।